प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

28 फरवरी 2022

जापान और भारत के बीच द्विपक्षीय स्वैप व्यवस्था का नवीकरण

जापान और भारत ने द्विपक्षीय स्वैप व्यवस्था (बीएसए) का नवीकरण किया, जो आज (28 फरवरी 2022) से प्रभावी होगी।

बैंक ऑफ जापान, जापान के वित्त मंत्री के एजेंट के रूप में कार्य करते हुए, और भारतीय रिज़र्व बैंक ने बीएसए के संशोधन और पुनःकथन करार पर हस्ताक्षर किए। बीएसए एक द्विपक्षीय व्यवस्था है जहां दोनों प्राधिकारी अपनी स्थानीय मुद्रा को यूएस डॉलर के विनिमय से स्वैप कर सकते हैं। बीएसए का आकार अपरिवर्तित रहेगा, अर्थात 75 बिलियन यूएस डॉलर तक।

जापान और भारत का विश्वास है कि बीएसए, जिसका उद्देश्य अन्य वित्तीय सुरक्षा उपायों का पूरक बनना और उन्हें मजबूत करना है, दोनों देशों के बीच वित्तीय सहयोग को और दृढ़ करेगा और क्षेत्रीय तथा वैश्विक वित्तीय स्थिरता में योगदान देगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1782